
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

**जन्मदिन विशेष**

**10 फरवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता प्राप्त करने के लिए केवल लक्ष्य ही नहीं, बल्कि उस लक्ष्य तक पहुँचने की यात्रा और छोटे-बड़े पड़ाव भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। जीवन में कच्चा लोभ कभी स्थायी सफलता नहीं दिलाता।



कुमार विश्वास

( कवि )

जन्म : **10** फरवरी **1970**

राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

10 फरवरी

मधु प्रिया


# इंडिया गेट की नींव 10 फरवरी



10 फरवरी यानी आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। इसी दिन वर्ष 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट ने 'इंडिया गेट' की नींव रखी थी। गेट को आर्किटेक्ट किया था एडविन लुटियन ने। इसे बनने में कुल 10 साल लगे थे और यह 12 फरवरी 1931 को बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया था। इस गेट को लेकर कहा जाता कि पेरिस के आर्च ऑफ विक्ट्री से यह काफी मिलता जुलता है। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया था। आर्किटेक्चर एडविन लुटियन को जब दिल्ली में सेंट्रल विस्टा की रूपरेखा तैयार करने को कहा गया तो उन्होंने इसके पूर्व भाग में इंडिया गेट का खाका तैयार किया था। इस प्रोजेक्ट में एक तरफ रायसीना हिल्स तो दूसरी तरफ एक नहर को बनाया गया था। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की कुल चौड़ाई 600 मीटर थी और इसके ठीक बीच में राजपथ है। अगर इंडिया गेट की बात करें तो इसकी कुल उंचाई 42 मीटर है और यह 9.1 मीटर चौड़ा है। गेट को लाल और पीले बलुआ पत्थर से बनाया गया है। जिसे राजस्थान के भरतपुर से लाया गया था। इंडिया गेट का पूरा परिसर 400 एकड़ में फैला हुआ है। दरअसल, अंग्रेजी सरकार ने इसका निर्माण प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारत के करीब 90 हजार सैनिकों की याद में करवाया था। दूसरा बड़ा कारण ये था कि यहां तात्कालीक सरकार अपने सारे आयोजन करवाना चाहती ताकि आयोजन को भव्य बनाया जा सके। यही कारण है कि इंडया गेट के चारों तरफ खुला मैदान रखा गया है। दिवारों पर लिखा है शहीदों का नाम

वहीं शुरूआत में इस गेट का नाम 'ऑल इंडिया वॉर मेमोरियल' था। जिसे बाद में बदल दिया गया। इंडिया गेट की दीवारों पर आज भी प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के नाम देखा जा सकता हैं। इस कारण से बनाया गया अमर जवान ज्योति मालूम हो कि आजादी के बाद इंडिया गेट परिसर में कई बदलाव किए गए। इसमें सबसे पहला बदलाव था, गेट के सामने से किंग जॉर्ज वी की प्रतिमा को हटना। वहीं 1971 में यहां पर अमर जवान ज्योति को बनाया गया। जो लगातार तब से जल रही है। इस ज्योति का निर्माण 1971 में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए हजारों भारतीय सैनिकों की याद में किया गया था।

# जन्मदिन विशेष 10 फरवरी




**कुमार विश्वास** ( **10 फरवरी 1970** ) एक भारतीय हिन्दी कवि, वक्ता और सामाजिक-राजनैतिक कार्यकर्ता हैं। वे आम आदमी पार्टी के नेता रह चुके हैं। उनका मूल नाम **विश्वास कुमार शर्मा** है। वे युवाओं के अत्यन्त प्रिय कवि हैं। विश्वास कविता के मंचन, वाचन, गायन के साथ साथ वकतृत्व प्रतिभा के भी धनी हैं। मंच संचालन, गायन, काव्य वाचन, पाठन, लेखन आदि सब विधाओं में निपुण कुमार विश्वास हिंदी के प्राध्यापक भी रह चुके हैं।

# TOB
# खेल कॉर्नर





## टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा जीत

| टीम | लगातार जीत | साल |
|---|---|---|
| भारत | 9 | 2024-2026 |
| साउथ अफ्रीका | 8 | 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 2022-2024 |
| भारत | 7 | 2012-2014 |


## टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा जीत

| टीम | लगातार जीत | साल |
|---|---|---|
| भारत | 9 | 2024-2026 |
| साउथ अफ्रीका | 8 | 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 2022-2024 |
| भारत | 7 | 2012-2014 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **10.02.2026**


## मानसिक क्षमता


मानसिक क्षमता का अर्थ व्यक्ति की तर्कसंगत निर्णय लेने, जानकारी समझने, याद रखने और संवाद करने की सोचने की शक्ति से है। यह क्षमता समय और निर्णय के प्रकार के अनुसार बदल सकती है। मुख्य रूप से इसमें मौखिक समझ, तर्क, स्मृति और स्थानिक दृश्यता जैसी सात प्राथमिक क्षमताएं शामिल हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़े सौदों में से एक की आहट सुनाई दे रही है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के एग्जीक्यूटिव को-चेयरमैन एव्राम ग्लेज़र ने RCB फ्रेंचाइज़ी को खरीदने के लिए 1.8 बिलियन डॉलर की बोली लगाई है।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पद्य पंकज
“
कभी-कभी खुद से बात करो,
कभी खुद से बोलो
अपनी नजर में तुम क्या हो?
ये मन की तराजू पर तोलो।
कवि प्रदीप
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya




www.teachersofbihar.org


10 फरवरी
राष्ट्रीय कृमि
मुक्त दिवस
1
2
3
4
5
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ
## स्थापना दिवस

10 फरवरी 1921




Madhu priya

www.teachersofbihar.org